# एक्सआईएसएस: टाटा स्टील प्रबंधकों के लिए हुआ मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम

रांची| एक्सआईएसएस रांची में टाटा स्टील के प्रबंधकों के लिए भूमि संसाधन प्रबंधन के लिए जीआईएस विषय पर एक सप्ताह का मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ. जोसफ मारियानुस कुजूर ने कहा कि टाटा स्टील प्रबंधकों के लिए यह एमडीपी की पहली श्रृंखला है जो आगे भी जारी रहेगी। डीन एकेडमिक्स डॉ. अमर ई तिग्गा ने बताया कि स्थानिक प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों ने विभिन्न कारपोरेट संचालन में क्रांति ला दी है। एमडीपी कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. प्रकाश चंद्र दास ने एमडीपी कार्यक्रम के विशिष्ट उद्देश्यों, अपेक्षित सिखने और कौशल परिणामों के बारे में बताया।

**PRESS : DAINIK BHASKAR**

# टाटा स्टील के पदाधिकारियों ने जीआइएस सॉफ्ट स्किल सीखा



**रांची.** एक्सआइएसएस रांची में आयोजित ''जीआइएस फॉर लैंड रिसोर्स मैनेजमेंट'' विषय पर साप्ताहिक प्रबंधन विकास कार्यक्रम का समापन बुधवार को हुआ. 29 जनवरी से संचालित कार्यक्रम में टाटा स्टील के प्रबंधक शामिल हुए. निदेशक डॉ जोसफ मरियानूस कुजूर एसजे ने बताया कि व्यावसायिक निर्णयों की योजना बनाते समय नवीनतम तकनीक की जानकारी जरूरी है. डीन एकेडमिक डॉ अमर ए तिग्गा ने कहा कि स्थानिक प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से कॉरपोरेट जगत में बदलाव आया है. इसे बढ़ावा देने से व्यवसाय जगत में नयी रणनीति तैयार की जा सकेगी. एमडीपी कार्यक्रम व जियोइंफॉरमेटिक्स रिसर्च सेंटर के समन्वयक डॉ प्रकाश चंद्र दास ने कहा कि साप्ताहिक प्रशिक्षण सत्र में शामिल हुए पदाधिकारियों ने नये कौशल को सीखा है, जिससे नयी संभावनाएं तैयार होंगी. व्यावहारिक प्रशिक्षण सुनील प्रताप कुमार और मालती मुर्मू ने दिया.

**PRESS : PRABHAT KHABAR**

# ‘तकनीक को बढ़ावा देने के लिए एक्सआइएसएस प्रतिबद्ध’

**रांची :** जेवियर समाज सेवा संस्थान रांची में टाटा स्टील, जीआइएस लैब के अनुरोध पर भूमि संसाधन प्रबंधन के लिए जीआइएस विषय पर एक सप्ताह का प्रबंधन विकास कार्यक्रमआयोजित किया गया। इसमें टाटा स्टील के प्रबंधकों की भागीदारी रही। एक्सआइएसएस के निदेशक डा. जोसफ मारियानुस कुजूर, एसजे ने कहा व्यावसायिक निर्णयों की योजना बनाते समय नई तकनीकी के अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के लिए एक्सआइएसएस प्रतिबद्ध है। (जासं)

**PRESS : DAINIK JAGRAN**

# व्यावसायिक निर्णयों की योजना में तकनीकी प्रथाओं पर हुई चर्चा

- एक्सआईएसएस में जीआईएस लैब- भूमि संसाधन प्रबंधन पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- कार्यक्रम के उद्देश्यों, अपेक्षित सीखने और कौशल परिणामों के बारे में दी गई जानकारी

**रांची, प्रमुख संवाददाता।** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची ने टाटा स्टील के अनुरोध पर जीआईएस लैब- भूमि संसाधन प्रबंधन के लिए जीआईएस, पर एक सप्ताह का प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) आयोजित किया। निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर ने कहा कि व्यावसायिक निर्णयों की योजना बनाते समय नवीनतम तकनीकी प्रथाओं के अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के लिए एक्सआईएसएस की निरंतर प्रतिबद्धता आज के समय में महत्वपूर्ण है।

टाटा स्टील प्रबंधकों के लिए यह एमडीपी की पहली श्रृंखला है, जो आगे भी जारी रहेगी। एमडीपी कार्यक्रम के समन्वयक डॉ प्रकाश चंद्र दाश ने एमडीपी कार्यक्रम के विशिष्ट उद्देश्यों, अपेक्षित सीखने और कौशल परिणामों के बारे में बताया। कार्यक्रम में जियोरेफरेंसिंग की अवधारणा और महत्व, जीआईएस में विभिन्न डेटा मॉडल, यूटीएम प्रोजेक्शन सिस्टम, भूमि माप में डीजीपीएस के अनुप्रयोग से लेकर विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी। टाटा स्टील्स के अधिकारियों ने भी डीजीपीएस के उपयोग के लिए फील्ड प्रशिक्षण में भाग लिया।

**PRESS : HINDUSTAN**

# भूमि संसाधन प्रबंधन के लिए जीआईएस पर हुआ प्रबंधन विकास कार्यक्रम



रांची। जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रांची ने टाटा स्टील के अनुरोध पर संस्थान में जीआईएस लैब 'भूमि संसाधन प्रबंधन के लिए जीआईएस' विषय पर एक सप्ताह का प्रबंधन विकास कार्यक्रम 29 जनवरी से 2 फरवरी तक का आयोजन किया। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ. जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि व्यावसायिक निर्णयों की योजना बनाते समय नवीनतम तकनीकी प्रथाओं के अनुप्रयोगा. को बढ़ावा देने के लिए एक्सआईएसएस की निरंतर प्रतिबद्धता आज के समय में महत्वपूर्ण है। टाटा स्टील प्रबंधकों के लिए यह एमडीपी की पहली श्रृंखला है, जो आगे भी जारी रहेगी। एक्सआईएसएस के डीन एकेडमिक डॉ. अमर ई तिग्गा ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे स्थानिक प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों ने विभिन्न कॉर्पोरेट संचालन में क्रांति ला दी है। एमडीपी कार्यक्रम के समन्वयक सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रकाश चंद्र दास ने एमडीपी कार्यक्रम के विशिष्ट उद्देश्यों, अपेक्षित सीखने व कौशल परिणामों के बारे में बताया। एमडीपी का संचालन डॉ. डैश ने किया। वहीं व्यावहारिक प्रशिक्षण सुनील प्रताप कुमार व मालती मुर्मू ने दिया। एमडीपी में जियोरेफरेंसिंग की अवधारणा व महत्व, जीआईएस में विभिन्न डेटा मॉडल, यूटीएम प्रोजेक्शन सिस्टम, भूमि माप में डीजीपीएस के अनुप्रयोग से लेकर विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी। टाटा स्टील्स के अधिकारियों ने भी डीजीपीएस के उपयोग के लिए फील्ड प्रशिक्षण में भाग लिया। समापन समारोह के दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

**PRESS : AAJ**

# बजट में विकास पर किया फोकस

## XISS में पैनल चर्चा

■ रांची, नवभारत कनेक्ट. जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट पर पैनल चर्चा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम एक्सआईएसएस के मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम एवं क्लब मार्कबज़्ज़ द्वारा एक्सआईएसएस के फैकल्टी और स्टूडेंट्स के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्त, कृषि, सामाजिक क्षेत्र आदि क्षेत्रों में बजट के विवरण पर आयोजित किया गया. चर्चा की शुरुआत संस्थान के निदेशक डॉ. जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने अपने स्वागत भाषण में विकसित भारत के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री के नारे 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्व और सबका प्रयास' पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि बजट 2024 को रोजगार



और कौशल प्रशिक्षण पर अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए. स्टूडेंट टीम की पैनल चर्चा में ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट की टीम ने समाज कल्याण पर 'समावेशी विकास, कृषि क्षेत्र के लिए डिजिटल बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्टर, हरित विकास और युवा शक्ति' पर चर्चा की.

डॉ. निरंजन साहू ने बजट में जलवायु पहलू और सतत विकास दृष्टिकोण पर बात की. ईवी, सौर और पवन ऊर्जा, एआई, क्वांटम कम्प्यूटिंग के लिए आवंटित बजट की सराहना की. सत्र का समापन बजट पर आधारित ओपन हाउस क्विज और स्टूडेंट पैनल की विजेता टीम श्रेया समुई और सिमरन छाबड़ा को सर्टिफिकेट और कैश प्राइज देने के साथ हुआ. कार्यक्रम का समापन सहायक निदेशक डॉ. प्रदीप केरकेट्टा एसजे ने अपने संबोधन के साथ किया. चर्चा का संचालन डॉ. भभानी प्रसाद महापात्रा और क्लब मार्कबज़्ज़ के छात्रों ने किया.

**PRESS : NAVBHARAT**

# MDP for Tata Steel managers organised at XISS

PNS : RANCHI

Xavier Institute of Social Service (XISS), Ranchi, on the request of TATA Steel, organized a One Week Management Development Programme on "GIS for Land Resource Management" in the GIS Lab, XISS from 29 January to 2 February 2024. The event saw enthusiastic participation from Managers from Tata Steel.

The Management Development Programme (MDP) commenced with the inaugural remarks of the Dr Joseph Marianus Kujur, Director, XISS warmly welcomed the participants and said, "XISS's continuous commitment to promote applications of latest technological practices while planning Business decisions is important in today's time and this MDP marks the first series of MDP for Tata Steel Managers." Dr Amar E Tigga, Dean Academics, XISS, echoed the same sentiment in his welcome address, placing a strong emphasis on how the applications of Spatial Technology has revolutionised various corporate operations. The coordinator of the MDP programme Dr Prakash Chandra Dash, Assistant Professor, and Coordinator of Geoinformatics Research Centre (GRC), XISS spelt out the specific objectives, expected learning.

**PRESS : PIONEER**

SOCIAL NEWS SEARCH







# टाटा स्टील प्रबंधकों के लिए ” प्रबंधन विकास कार्यक्रम आयोजित

राँची

February 7, 2024 Social News Search

Leave A Comment

**रांची :** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची ने टाटा स्टील के अनुरोध पर संस्थान में जीआईएस लैब "भूमि संसाधन प्रबंधन के लिए जीआईएस" पर एक सप्ताह का प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) 29 जनवरी से 2 फरवरी 2024 तक टाटा स्टील के प्रबंधकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के बीच आयोजित की गयी.

एमडीपी की शुरुआत एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे की उद्घाटन वक्तव्य के साथ हुई, जिन्होंने प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा, "व्यावसायिक निर्णयों की योजना बनाते समय नवीनतम तकनीकी प्रथाओं के अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के लिए एक्सआईएसएस की निरंतर प्रतिबद्धता आज के समय में महत्वपूर्ण है. टाटा स्टील प्रबंधकों के लिए यह एमडीपी की पहली श्रृंखला है जो आगे भी जारी रहेगी."

# एक्सआईएसएस के डीन एकेडमिक्स डॉ अमर ई तिग्गा ने अपने स्वागत भाषण में

एक्सआईएसएस के डीन एकेडमिक्स डॉ अमर ई तिग्गा ने अपने स्वागत भाषण में इसी भावना को दोहराया और इस बात पर जोर दिया कि कैसे स्थानिक प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों ने विभिन्न कॉर्पोरेट संचालन में क्रांति ला दी है. एमडीपी कार्यक्रम के समन्वयक डॉ प्रकाश चंद्र दाश, सहायक प्रोफेसर और जियोइंफॉर्मेटिक्स रिसर्च सेंटर (जीआरसी), एक्सआईएसएस के समन्वयक ने एमडीपी कार्यक्रम के विशिष्ट उद्देश्यों, अपेक्षित सीखने और कौशल परिणामों के बारे में बताया.

एमडीपी का संचालन डॉ डैश द्वारा किया गया, तो वहीँ व्यावहारिक प्रशिक्षण श्री सुनील प्रताप कुमार और सुश्री मालती मुर्मू द्वारा दिया गया. एमडीपी में जियोरेफ़रेंसिंग की अवधारणा और महत्व, जीआईएस में विभिन्न डेटा मॉडल, यूटीएम प्रोजेक्शन सिस्टम, भूमि माप में डीजीपीएस के अनुप्रयोग से लेकर विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी. टाटा स्टील्स के अधिकारियों ने भी डीजीपीएस के उपयोग के लिए फील्ड प्रशिक्षण में भाग लिया.

# समापन सत्र ने एमडीपी कार्यक्रम के सफल समापन को चिह्नित किया

समापन सत्र ने एमडीपी कार्यक्रम के सफल समापन को चिह्नित किया, जिसके दौरान संस्थान के निदेशक और वित्त अधिकारी ने जीआईएस के सिलेबस पर आधारित इस एमडीपी को पूरा करने के लिए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी. निदेशक ने आशा व्यक्त की कि प्राप्त ज्ञान प्रतिभागियों के व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास में योगदान देगा और साथ ही उन्हें विभिन्न व्यावसायिक निर्णयों को लागू करते समय सतत विकास प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित करेगा.

प्रतिभागियों ने इतने महत्वपूर्ण एमडीपी के आयोजन के लिए एक्सआईएसएस को हार्दिक धन्यवाद दिया. समापन समारोह के दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए.

**PRESS : SOCIAL NEWS SEARCH**